<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 अगस्त 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- समूचे राष्ट्र में कल धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के लाल किले पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज। ऑपरेशन सिंदूर के वीर सैनिकों को दी सलामी।
- प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का बताया आधार स्तम्भ। कहा– सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू करने के लिए कार्यबल का करेगी गठन।
- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा परिसर में किया ध्वजारोहण। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के परिजनों को किया सम्मानित।
- प्रदेश भर में श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है श्रीकृष्ण जन्मोत्सव। मथुरा में देश–विदेश से जुटे लाखों श्रद्धालु।

**********

देश भर में कल उन्नासिवां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहरया और राष्ट्र को संबोधित करते हुए सभी महापुरूषों, स्वतंत्रता सेनानियों, वीर जवानों और ऑपरेशन सिंदूर के वीर सैनिकों को सलामी दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, देश के सशस्त्र बलों के शौर्य और सटीक हमलों का शक्तिशाली प्रमाण है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति बनाने, लक्ष्य निर्धारित करने और उचित समय पर निर्णय लेने की खुली छूट दी थी। ऑपरेशन सिंदूर देशवासियों के आक्रोश की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत ने निर्णय लिया है कि खून और पानी एक साथ नही बहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत परमाणु हमले की धमकी अब बर्दाश्त नहीं करेगा।

***भारत ने तय कर लिया है, न्यूक्लियर के धमकियों को अब हम सहने वाले नहीं हैं। न्यूक्लियर ब्लैकमेल लंबे अरसे से चला आया है। अब ब्लैकमेल नहीं सहा जाएगा। आगे भी अगर दुश्मनों ने यह कोशिश जारी रखी, हमारी सेना तय करेगी, सेना की शर्तों पर सेना जो समय निर्धारित करे उस समय पर, अब हम अमल में लाकर के रहने वाले हैं।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली– सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा।

***अब देश सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च करेगा। ये मिशन सुदर्शन चक्र एक पावरफुल वैपन सिस्टम दुश्मन के हमले को न्यूटीलाइज तो करेगा ही करेगा, लेकिन कई गुना ज्यादा दुश्मन पर हिट पैक करेगा। आने वाले 10 सालों में हम उसको प्रखरता से आगे बढ़ना चाहते हैं।***

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। श्री मोदी ने कहा कि मेड इन इंडिया हथियारों सहित स्वदेशी क्षमता से भारत निर्णायक और स्वतंत्र कार्रवाई करने में सक्षम हुआ। अब राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी सहयोग पर निर्भर नहीं रह सकती। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की। श्री मोदी ने कहा कि आगामी दीपावली तक नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से सामान्य लोगों, किसानों और मध्य वर्ग को राहत मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन सुधारों को लागू करने के लिए एक प्रतिबद्ध सुधार कार्यबल बनाने की घोषणा की।

***नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स के लिए हमने एक टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। यह टास्क फोर्स समय सीमा में इस काम को पूरा करें। वर्तमान नियम, कानून, नीतियां, रीतियां 21वीं सदी के अनुकूल, वैश्विक वातावरण में अनुकूल और भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के संदर्भ में नए सिरे से तैयार हो और उसका समय सीमा में अपना कार्य पूरा करने के लिए इस टास्क फोर्स की रचना की है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस साल के अंत तक सेमीकंडक्टर चिप्स शुरू करेगा जो, मेड इन इंडिया की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

**********

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल राजभवन में ध्वजारोहरण किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर ध्वजारोहण के बाद विधानसभा परिसर में तिरंगा फहरा कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और भारत की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देश के महान सपूतों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश के साथ ही सिक्किम, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीगढ़ के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। उन्होंने उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त और एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का राज्य बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के सामर्थ्य और शक्ति के सफल क्रियान्वयन को दुनिया ने देखा है।

***ऑपरेशन सिंदूर के अंदर हमारे जवानों ने जिन अस्त्र शस्त्रों का प्रयोग किया था जो मिसाइल जो ड्रोन इस्तेमाल हुए थे ये स्वदेशी है कोई भी देश अपने सामर्थ्य और शक्ति पर तभी विश्वास कर सकता है याद रखना जब वह अपने हस्तशिल्पी अपने। कारीगर और अपने देश के उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए एक बेहतरीन माहौल देता है। एक ओर सुरक्षा का बेहतर माहौल और दूसरी तरफ स्वदेशी को जीवन का हिस्सा बनाना।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी तीन माह में वर्ष दो हजार सैंतालीस तक के लिये उत्तर प्रदेश अपना विजन डॉक्यूमेंट तैयार करेगा और विकसित भारत के तर्ज पर विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाधीनता या स्वतंत्रता स्वच्छंदता नहीं होती है। यह समारोह हम सबको हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति अहसास कराने का एक संकल्प प्रदान करता है।

***हर नागरिक के मन में अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति एक स्वर में एक भाव के साथ अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन का ये संकल्प गूंजेगा तो देश के प्रधानमंत्री जी के द्वारा विकसित भारत का व संकल्प साकार रूप में मूर्त रूप में हम सबको दिखाई देगा।***

उधर, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाहजहांपुर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कानपुर नगर के नाना राव पार्क में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, उन्नाव में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी, गोरखपुर में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रयागराज में मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, आगरा में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, हरदोई में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और अम्बेडकरनगर में मंत्री संजय निषाद ने ध्वजारोहण किया। सिद्धार्थनगर में सांसद जगदम्बिका पाल हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। वहीं गाजियाबाद, फर्रुखाबाद, जौनपुर और फतेहपुर में कई राज्य मंत्रियों ने झंडारोहण किया। लखनऊ में भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने तिरंगा फहराया।

**********

प्रदेश भर में आज श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। विभिन्न जिलों के मंदिरों में विशेष साज–सज्जा की गयी है और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी आकर्षक झांकियां बनायी गयी हैं। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बड़ी संख्या में देश–विदेश से श्रद्धालु पहुंच गये हैं

***मथुरा में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम है चहुंओर खुशिया–खुशिया है। श्रीकृष्ण–जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि आज 16 अगस्त को इस बार ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान रखते हुए जन्मोत्सव को राष्ट्र भक्ति से भी जोड़ा जा रहा है। जन्मस्थान परिसर में जहां ऑपरेशन सिंदूर का कट आउट आकर्षण का केन्द्र होगा। ठाकुरजी सिंदूर पुष्प–बंगला में विराजमान होकर दर्शन देंगे।***

**********

बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बदायूं, फर्रुखाबाद और बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा और बाराबंकी में घाघरा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गर्रा नदी में बांध से लगभग पचपन हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने की वजह से आगामी चौबीस घंटे में शाहजहांपुर में बाढ़ की स्थिति और भयावह होने की आशंका है। इसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

**********